>

Title : Need to take steps to provide materials for installation of private tube-wells in Bundelkhand region.

श्री आर.के.िंसह पटेल (बांदा): मान्यवर, पूरे उत्तर प्रदेश में सूखे की भयावह स्थिति है और विशेषकर पूरा बुन्देलखंड सूखे की स्थिति में जूझ रहा है। ऐसी स्थिति में बुन्देलखंड क्षेत्र में वर्ष 2009-10 में 1200 निजी नलकूपों के उर्जीकरण के लिए लोगों ने अनुबन्ध किया है, उसके लिए किसानों ने धन जमा कर दिया है, लेकिन अभी तक उनके टयूबवैलों का उर्जीकरण नहीं किया जा रहा है।

मैं आपके माध्यम से व्यवस्था चाहता हूं कि जिन लोगों ने अपने खेतों को अभी छोड़ रखा है, बुआई का सीजन है, पलेवा का समय है, ऐसी स्थिति में उनके नलकूपों का अगर उर्जीकरण नहीं किया जायेगा तो वैसे भी सूखे की मार झेल रहे वहां के किसानों की कमर टूट चुकी है और उनके लिए अभी 7266 करोड़ रुपये का माननीय प्रधानमंत्री जी ने यहां से एक विशेष पैकेज बुन्देलखंड के लिए घोषित किया है।

मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि उन किसानों के नलकूपों के उर्जीकरण के लिए इस पैकेज से उनको तत्काल सामग्री उपलब्ध कराकर उनका उर्जीकरण किया जाये और वहां पर गहरे नलकूप लगाकर उस क्षेत्र में इस पैकेज से सिंचाई की व्यवस्था कराने की कृपा की जाये।